चिकित्सा विभाग की 250 टीमों ने प्रदेशभर में करीब 500 अस्पतालों का निरीक्षण किया

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने चाकसू उपजिला अस्पताल में जांची व्यवस्थाएं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की लगभग 250 टीमों ने प्रदेशभर में एक साथ करीब 500 चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया।

अभियान के तहत चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, प्रसूति नियोजन दिवस, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा गया। इन सभी बिन्दुओं के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं को और बेहतर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों एवं लू व तापघात से निपटने की तैयारियों का अवलोकन किया गया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जयपुर जिले के चाकसू स्थित उपजिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उनके साथ निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत भी मौजूद थे। सिंह ने यहां ओपीडी एवं आईपीडी में उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने लेबर रूम, जनरल वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आपातकालीन इकाई, ट्रोमा सेन्टर, पीडियाट्रिक सेमी आईसीयू सहित अस्पताल के सभी कक्षों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति देखी। उन्होंने शौचालयों में साफ-सफाई की स्थिति भी देखी और निर्देश दिए कि साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया जाए।



चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने गुरूवार को चाकसू उप जिला अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर्स और मरीजों से बातचीत कर उपचार व अन्य व्यवस्थाओं को जायजा लिया।

जल्द शुरू होगा ब्लड बैंक

सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर एवं ड्यूटी रोस्टर रजिस्टर को भी चैक किया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अस्पताल के ब्लड बैंक को एक माह में शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि अस्पताल में आवश्यक प्रकृति के कार्यों एवं सेवाओं के लिए आरएमआरएस फंड का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसकी नियमित बैठक भी आयोजित किए जाने पर जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लू-तापघात एवं गर्मी जनित बीमारियों बचाव एवं उपचार के लिए अस्पताल में की गयी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हीट स्ट्रोक से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए तैयार किए गये मॉडल वार्ड को देखा और गर्मी जनित बीमारियों के उपचार के लिए किए गए प्रबंधन की सराहना की।

मरीजों से लिया फीडबैक

सिंह ने निरीक्षण के दौरान पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती पूजा सैनी, संजना यादव एवं चंदा बैरवा से बात की। उन्होंने तीनों से अस्पताल में उपलब्ध करवायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में पूछा। साथ ही टीकाकरण एवं प्रसवपूर्व होने वाली जांचों के बारे में भी जानकारी ली। महिला रोगियों ने बताया कि अस्पताल में उन्हें सभी स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क और सुगमता से उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने अन्य रोगियों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया।

- इस विशेष अभियान में एसीएस से लेकर ब्लॉक स्तर तक के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता पर फोकस

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि अब फैसिलिटी स्तर से आगे बढ़कर सेवाओं की पहुंच और उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जो स्वास्थ्य कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। प्रबंधकीय टीम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों को दूर कर सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यरत अधिकारी मॉनिटरिंग और सुपरविजन को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चयनित 27 आशान्वित ब्लॉक में 39 सूचकांक निर्धारित किए गए हैं। इन 39 सूचकांकों में 7 सूचकांक स्वास्थ्य से संबंधित है। नियमित निरीक्षण और पर्यवेक्षण के माध्यम से इन सूचकांकों में और सुधार किया जा रहा है।

मिशन निदेशक ने गोविंदपुरा व जाहोता में जायजा लिया

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दपुरा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर जाहोता का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के तहत मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने आई गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से फीडबैक भी लिया। अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम श्री अरूण कुमार गर्ग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेनवाल मांजी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वाटिका का निरीक्षण किया।

राज्य स्तरीय टीम ने 27 जिलों में किया निरीक्षण

अभियान के तहत राज्य स्तरीय टीमों द्वारा 27 जिलों के आशान्वित ब्लॉक बांसवाड़ा के छोटा डूंगरा, बारां के किशनगंज, बाड़मेर के रामसर, भरतपुर के भुसावर, बीकानेर के कोलायत, बूंदी के कापरेन, चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा, चुरू के राजगढ़, दौसा के रामगढ़-पचवारा, धौलपुर के बसेड़ी, डूंगरपुर के जोथारी एवं गंगारपुर सिटी में निरीक्षण किया गया। हनुमानगढ़ के संगरिया, जैसलमेर के फतेहगढ़, जालौर के आहोर, झालावाड़ के खानपुर, जोधपुर ग्रामीण के शेरगढ़, करौली के मासलपुर, कोटपूतली के शाहजहांपुर, नागौर के जायल, पाली, प्रतापगढ़ के पीपलखूंट, राजसमंद के भीम, शाहपुरा के कोटड़ी, सिरोही के आबूरोड़, टोंक के पीपलू एवं उदयपुर के खेरवाड़ा में निरीक्षण किया गया। शेष जिलों में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्तर पर गठित टीम निरीक्षण कर रिपोर्ट राज्य स्तर पर भिजवाई जाएगी।

महाराव शेखाजी के निर्वाण दिवस पर समारोह आज

जयपुर । महाराव शेखा संस्थान के सचिव सम्पत सिंह धमोरा ने बताया कि शेखावाटी के संस्थापक, इतिहास पुरूष, नारी सम्मान के रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग कर स्वर्गारोहण करने वाले, धार्मिक सहिष्णुता के प्रतीक महाराव शेखाजी का 536वाँ निर्वाण दिवस समारोह अक्षय तृतीया 10 मई को प्रातः 8 से 9.15 बजे तक श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय , पंजवन रॉय हॉल, सीकर रोड, जयपुर पर मनाया जायेगा।

समारोह में जयपुर शहर के कई नागरिक शेखावाटी के संस्थापक महाराव शेखाजी को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु उपस्थित होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शेखावाटी के भूभाग पर घाटवा के युद्ध में महाराव शेखाजी ने अपने दो सपुतों दुर्गाजी एवं पूरणजी के साथ नारी के सम्मान को कायम रखने के लिए अपने निकटत्तम संबंधियों से युद्ध कर बलिदान दिया तथा शेखाजी विश्व के इतिहास में धार्मिक सहिष्णुता के अनुकरणीय उदाहरण है। जिस वंश परम्परा को शेखावाटी के सपूतों ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि आज भी शेखावाटी को गर्व है कि भारतीय सेना में शेखावाटी के नौजवानों का जो प्रतिनिधित्व है, उसको देश भुला नहीं सकता। युद्ध कौशल के धनी देश और धर्म के लिए मर मिटने वाले भारतीय सेना के सर्वोच्च सम्मान परम वीर चक्र विजेता हवलदार पीरू सिंह शेखावत तथा महावीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र और सेना मैडल प्राप्त करने वाले योद्धाओं की बहुत लम्बी सूची शेखावाटी को गौरवान्वित करती है।

भारतीय सेना में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कमिश्नड ऑफीसर के रूप में बढ़ाने के लिए महाराव शेखाजी की निर्वाण स्थली रलावता जिला सीकर पर महाराव शेखाजी सशस्त्र बल प्रशिक्षण अकादमी का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने की ओर है, जहाँ पर भारतीय सेना में ऑफीसर रैंक में प्रवेश के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, जो प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है।

सार-समाचार

नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

जयपुर । जयपुर के एनजीओ रेज-आशा की एक किरण ने हाल ही में विज़न फॉर टुमॉरो बैनर के अंतर्गत नेत्र जांच शिविरों की एक श्रृंखला आयोजित की। युवा पीढ़ी विशेषकर स्कूली बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य की देखभाल करने और उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के एक प्रयास के रूप में यह पहल रेज द्वारा चंद प्रकाश संतोष मेहरा पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट और रघुदीप आई हॉस्पिटल के सहयोग से शुरू की गई। इस पहल के तहत पहला शिविर जयपुर के खातीपुरा में शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया, जहां कुल 495 छात्रों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 151 जरूरतमंदों बच्चों को चश्मे वितरित किए गए। वहीं, दूसरा शिविर पांचावाला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगाया गया, जहां 346 छात्रों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 94 जरूरतमंद बच्चों को चश्मे वितरित किए गए। रेज एनजीओ के फाउंडर, कैप्टन गुरिंदर विर्क ने कहा कि "आंखों की रोशनी एक अनमोल उपहार है, और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि प्रत्येक बच्चा इस दुनिया की खूबसूरती को अपनी आंखों से अनुभव कर सके। विज़न फ़ॉर टुमॉरो पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को केवल चश्मे वितरित करना नहीं है, बल्कि बच्चों के लिए नई संभावनाओं और अवसरों को तलाशना भी है। हमारा मानना है कि स्पष्ट दृष्टि के साथ, सपने भी स्पष्ट आते हैं और हम हर कदम पर उन सपनों को पूरा करने में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

जयपुर । आर्मी पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन, सप्त शक्ति कमांड के सहयोग से जयपुर मिलिट्री स्टेशन के सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र का संचालन प्रणव विरमानी, प्रशिक्षण प्रबंधक, ओबेरॉय ग्रुप ऑफ होटल्स और नूपुर पारीक, मानव संसाधन विभाग प्रबंधक ट्राइडेंट होटल, जयपुर द्वारा किया गया। उन्होंने व्यवस्थित प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रम (एसटीईपी) के बारे में जानकारी दी, जो एक प्रसिद्ध प्रशिक्षण पहल है, जो व्यक्तियों को विशेष रूप से होटल संचालन और अतिथि सेवाओं के क्षेत्रों में कुशल आतिथ्य पेशेवरों में विकसित करने के लिए डिज़ाइन की गई है। प्रतिभागियों को ओबेरॉय और ट्राइडेंट होटलों में व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलता है, वे वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों से परिचित होते हैं और अनुभवी पेशेवरों के साथ काम करते हैं। यह एपीएस जयपुर के छात्रों के लिए रोजगार कार्यक्रम का दूसरा संस्करण है। इसके पहले संस्करण में एपीएस जयपुर से दो छात्रों को शैक्षिणक वर्ष 2023-24 के लिए नामांकित किया गया था। दूसरा सत्र अर्चना शर्मा और उनकी टीम द्वारा मास मीडिया और पत्रकारिता आयोजित किया गया। आवा सप्त शक्ति कमांड की शिक्षा अध्यक्ष गीतांजलि बहल सम्मानित अतिथि थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "ओबेराय ग्रुप द्वारा एसटीईपी कार्यक्रम और सक्षम संचार फाउंडेशन द्वारा मीडिया शिक्षा छात्रों को कई क्षेत्रों में अपना वांछित करियर चुनने और अपने भविष्य को आकार देने के लिए कौशल विकसित करने में मदद करेगी"। इस काउंसलिंग सत्र में आर्मी पब्लिक स्कूल के लगभग 400 उत्साही छात्रों ने भाग लिया, यह सत्र अत्यधिक जानकारीपूर्ण और इंटरैक्टिव था।

कॉमरेड अतुल कुमार को श्रद्धांजलि

जयपुर । भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व अखिल भरतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अनजान के निधन पर उनकी स्मृति में कुमारनन्द हाल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सीपीआई राज्य सचिव नरेंद्र आचार्य ने शोक प्रस्ताव रखा जिसमें कहा गया कि साथी अतुल अंजान देश के वामपंथी,जनवादी आंदोलन के प्रमुख हस्ती थे। वे एक कुशल वक्ता के साथ किसान आंदोलन के जाने पहचाने चेहरा थे उनके निधन से पार्टी व किसान आंदोलन को अपूर्णीय क्षित हुई है। कॉमरेड अतुल अनजान लोकतंत्र, संविधान व साम्प्रदायिक सौहार्द्र के पक्षधर थे। राजस्थान किसान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज भान सिंह ने कहा कि कॉमरेड अनजान युवाओं, छात्रों में काफी लोकप्रिय थे। वे स्वामीनाथन आयोग के एक मात्र किसान प्रतिनिधि थे जिन्होंने एम. एस. पी. सी, सी 2 प्लस 50 को कानूनी जामा की शिफारिश की। इस मांग को लेकर ही देश का किसान सड़कों पर लामबन्द है।

कार लूटने वाले चार बदमाश पकड़े

जयपुर । सांगानेर सदर थाना पुलिस ने आंखों में मिर्च डालकर चालक से कार, मोबाइल व नकदी लूटने के मामले में एक बाल अपचारी सहित चार को पकड़ा है। पुलिस ने बदमाशों से लूटी गई कार भी बरामद कर ली है। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि इस मामले में 19 वर्षीय अभय राठोड़ उर्फ गड्डू निवासी गुरू गोविन्द विहार चोखी ढाणी के पीछे टोंक रोड, 19 वर्षीय राजवीर उर्फ अन्नू निवासी गोठडा कोटा और 20 वर्षीय राजकुमार शर्मा निवासी भीतरवाडी, पठान पाडा, जोगियो का मोहल्ला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। गौरतलब है कि शिव कॉलोनी सोडाला निवासी दिलराज ने 4 मई को मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी टैक्सी कार लेकर जयपुर जक्शन पर खडा था। तभी तीन युवक आए और कार लेकर वाटिका चलने को कहा। वाटिका गांव के नजदीक पहुंचते ही बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्च डाल दी और कार, दो मोबाइल और 17 हजार रु. छीन ले गए।

जयपुर बम ब्लास्ट मामले में 3 गवाहों की दुबारा मुख्य परीक्षा की मंजूरी दी

विशेष अदालत ने राज्य सरकार को 5 हजार रुपए के हर्जाने की शर्त पर यह मंजूरी दी है

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर बम धमाकों की विशेष अदालत ने वर्ष 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में राज्य सरकार को तीन गवाहों की मुख्य परीक्षा की मंजूरी 5 हजार रुपए हर्जाने की शर्त पर दी है। कोर्ट ने यह आदेश राज्य सरकार के प्रार्थना पत्रों पर दिए। कोर्ट ने जिन गवाहों की मुख्य परीक्षा की मंजूरी दी है उनमें दिल्ली की स्पेशल सेल के तत्कालीन एसीपी संजीव कुमार यादव, मौजूदा एसीपी राहुल कुमार सिंह व इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह त्यागी शामिल हैं।

राज्य सरकार ने प्रार्थना पत्रों में कहा कि ये गवाह इस मामले से जुड़े पूरक आरोप पत्र के साक्षी हैं और उनसे संबंधित दस्तावेजों को प्रदर्श करवाना है। ऐसे में उन्हें मुख्य परीक्षा के लिए बुलवाए जाने की मंजूरी दी जाए। इसके विरोध में आरोपियों के अधिवक्ता मिनहाजुल हक ने कहा कि राज्य सरकार ने इस केस में दस साल बाद चालान पेश किया है। वहीं आरोपियों के न्यायिक हिरासत में होते हुए भी इतने सालों में भी ना तो उनसे पूछताछ की गई और ना ही गिरफ्तार किया गया था। राज्य सरकार ने जिन गवाहों से मुख्य परीक्षा कर ली है, अब दुबारा इसकी जरूरत नहीं है और इससे केस की ट्रायल में देरी होगी। इसलिए राज्य सरकार के प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर राज्य सरकार को 5 हजार रुपए हर्जाने की शर्त पर तीनों गवाहों की मुख्य परीक्षा करवाने की मंजूरी दी है।

बेकरी व्यवसाय फर्म का निरीक्षण कर नमूने लिए

जयपुर । खाद्य सुरक्षा आयुक्त व्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के निर्देशन में गुरुवार को अधिकारियों के दल ने क्षेत्र में बेकरी खाद्य व्यवसाय फर्म पर निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई की गई।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय हंसराज भदालिया ने बताया कि गुरुवार को साईनाथ बेकर्स गोनेर रोड जयपुर से बर्गर और टोस्ट का नमूना लिया गया और न्यू जनता बेकरी, माली की कोठी आगरा रोड से टोस्ट, सोया तेल और मैदा का नमूना लिया। दोनों फर्म में बेतहाशा गंदगी पाई जाने और अनेक मानकों की अवहेलना पाए जाने पर इंप्रूवमेंट नोटिस दिए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त कमिश्नर पंकज ओझा ने बताया कि झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर छापा मारकर इसे सीज कियया। यहां बड़ी मात्रा में बेकरी में उपयोग होने वाले फूड कलर के डब्बे मिले, जिन पर मैन्युफेक्चरिंग और एक्सपायरी डेट नहीं थी। फैक्ट्री में बने केक में मक्खियां और कीडे मिले। टीम ने 15 किलोग्राम केक को नष्ट करवाया। पेस्ट्री और पेटीज बनाने में उपयोग आने वाली लोहे की ट्रे भी काफी गंदी थी, ऐसा लगा मानों इन्हें कई सालों से साफ नहीं किया। फैक्ट्री में जगह-जगह चूहे घूमते दिखाई दिए।

अवैध संबंधों में बाधा बने पति को मौत के घाट उतारा

पत्नी और उसके प्रेमी ने तकिए से मुंह दबाकर पति की जान ली

जयपुर । करधनी इलाके में सीवर टैंक में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को अरेस्ट किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला ने अवैध संबंधों में बाधा बनने पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर रात को सोते समय तकिए से मुंह दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर शव को सीवर टैंक में डाल दिया।

पुलिस ने बताया कि मूलतः पीलीभीत यूपी निवासी जान मोहम्मद का शव घर के नजदीक सीवरेज टैंक में शव मिला था। मृतक करीब एक सप्ताह से लापता बताया जा रहा था। जान मोहम्मद को उसकी पत्नी और महिला के प्रेमी ने मिलकर रात को सोते समय तकिए से गला घोट कर मार दिया और फिर उसके शव को सीवरेज टैंक में डाल दिया। बुधवार को बदबू आने पर स्थानीय लोगों ने जानकारी दी तो उसमें जान मोहम्मद का शव मिला था। महिला का प्रेमी मृतक के गांव का ही रहने वाला है इस कारण वह लम्बे समय से यहीं पर रहा था। महिला और उसके प्रेमी के बीच करीब तीन साल से अवैध संबंध थे। जब इसकी जानकारी जान मोहम्मद को लगी तो उसने इसका विरोध किया और महिला के प्रेमी को घर से निकाल दिया। इस पर महिला और उसके प्रेमी ने मिलकर उसे जान से मारने की योजना बनाई। जान मोहम्मद के सोते ही दोनों ने मिलकर तकिए से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। शक के आधार पर जब महिला से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने सारी कहानी बता दी। इस आधार पर महिला और उसके प्रेमी को अरेस्ट कर लिया गया है। मृतक जयपुर के किराए से रहकर मजदूरी करता था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मृतक की पत्नी 32 वर्षीय शाहजहां खातून और उसके प्रेमी 25 वर्षीय धर्मेंद्र पासवान को गिरफ्तार किया गया है। महिला के दो बच्चे है।

- दोनों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए सीवर टैंक में फेंक दिया
- पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया

15 लाख की लूट का षड्यंत्र रचने वाले 3 गिरफ्तार

जयपुर । अशोक नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) कार्रवाई करते हुए 24 अप्रैल को थाना इलाके के युधिष्ठिर मार्ग स्थित ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर पन्द्रह लाख रुपए लूट के मामले में खुलासा करते हुए लूट की वारदात करने वाले तीन षडयंत्रकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वारदात के समय मौजूद महिला कर्मचारी ने अपने दो साथियो के साथ लूट की वारदात का षड्यंत्र रचा था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से लूट करने वाले आरोपी,हथियार सहित लूट की राशि के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि 24 अप्रैल को थाना इलाके के युधिष्ठिर मार्ग स्थित ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर पन्द्रह लाख रुपए लूट के मामले में अशोक नगर थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए साथ लूट की वारदात का षड्यंत्र रचने वाली महिला कर्मचारी शिप्रा गुप्ता (36) निवासी मुरलीपुरा जयपुर सहित उसके साथी मुकेश गुप्ता (25) निवासी मुरलीपुरा जयपुर और मनजीत सिंह राठौड (25) निवासी डीडवाना जिला जिला कुचामन-डीडवाना हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी जेबीआर ग्रुप के भरत सिंह और उसके साथी की तलाश की जा रही है।

वेंकटेश्वर मंदिर की संपत्ति पर विवाद

जयपुर। सिटी पैलेस के नजदीक स्थित वेंकटेश्वर मंदिर की संपत्ति को लेकर विवाद सामने आया है। मंदिर के महंत ने सिटी पैलेस स्टाफ के ऊपर मंदिर की जमीन पर कब्जा करने और परिवार को बंधकर बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। हालांकि सिटी पैलेस ने महंत के दावे को गलत बताया है। पूरे विवाद का एक वीडियो भी सामने आया है।

मंदिर के महंत वेणु गोपाल ने आरोप लगाया कि पहले सिटी पैलेस के गार्ड्स ने उनके परिवार को बंधक बना लिया। वहां माणक चौक थाने के पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। महंत ने कहा कि संपत्ति पर विवाद है और मामला कोर्ट में है। सिटी पैलेस के प्रशासक प्रमोद यादव का कहना है कि यह हमारी संपत्ति थी, कोर्ट ने इसे लेकर हमारे पक्ष में फैसला दिया है। महंत वेणु गोपाल ने बताया कि हम सालों से अपने परिवार के साथ इस मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं। मंदिर में राजपरिवार का कोई दखल नहीं है। इस मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना भी रिकॉर्ड हुई है। मंदिर में बड़ी संख्या में लोग घुसते हुए दिख रहे हैं। ये लोग यहां कुछ तोड़फोड़ करते हुए बैरिकेडिंग भी करते हैं। मंदिर के बाहर के हिस्से पर जबरन बैरिकेडिंग भी की गई है। मंदिर परिवार ने पुलिस कंट्रोल रूम को कई बार इसकी सूचना दी, लेकिन पुलिस पहले से ही मौके पर मौजूद थी। पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। पुलिस दबाव में आकर मंदिर परिसर में कब्जा करवा रही है।

2200 करोड़ रु. की लागत से जयपुर में 2 नए एलिवेटेड रोड, 4 फ्लाई ओवर और 3 ओवर ब्रिज बनाने की तैयारी!

जे.डी.ए. प्रशासन ने जयपुर के विकास और ट्रेफिक दबाव कम करने के लिए तैयार किया नया प्लान

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी जयपुर में 2200 करोड़ की लागत से 2 नए एलिवेटेड रोड, चार फ्लाई ओवर, तीन रेलवे ओवर ब्रिज बनाने के साथ ही सड़कों को चौड़ा करने और नए गार्डन विकसित करने का खाका तैयार कर लिया है। जयपुर विकास प्राधिकरण ने शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए यह प्लान तैयार किया है। इन तमाम प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत 2200 करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। ऐसे में इन प्रोजेक्ट्स पर जेडीए अधिकारियों द्वारा लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के साथ-साथ स्थानीय मंत्री-विधायकों से चर्चा के बाद शुरू किया जाएगा।

दरअसल, फिलहाल प्रदेश में लोकसभा चुनाव की वजह से आचार संहिता लागू है। इसकी वजह से सरकार इस वक्त ना तो नया प्रोजेक्ट्स शुरू कर सकती है। ना ही किसी नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर सकती है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद सरकार नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत कर सकती है। माना जा रहा है कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी इसी साल पूर्ण बजट भी पेश कर सकती है। ऐसे में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकतर प्रोजेक्ट की घोषणा बजट में संभव है।

- बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद इन प्रोजेक्ट्स पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व यू.डी.एच. मंत्री के साथ चर्चा होगी
- करीब 1100 करोड़ रुपए की लागत से अंबेडकर सर्किल से ओ.टी.एस. चौराहा होते हुए जवाहर सर्किल तक 9 कि.मी. की एलिवेटेड रोड प्रस्तावित
- 400 करोड़ रुपए की लागत से कलेक्ट्रेट से राजमहल चौराहे तक तथा 170 करोड़ रुपए की लागत से सांगानेर फ्लाई ओवर से चौरड़िया पेट्रोल पंप तक एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है

सूत्रों की मानें तो करीब 1100 करोड़ रुपए की लागत से अंबेडकर सर्किल से ओ.टी.एस. चौराहा होते हुए जवाहर सर्किल तक एलिवेटेड रोड प्रस्तावित है। इस 9 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड के निर्माण से इस रूट पर लगने वाले जाम और ट्रैफिक लाइट्स से आम जनता को राहत मिल सकती है।

इसी तरह 400 करोड़ रुपए की लागत से कलेक्ट्रेट से राजमहल चौराहे तक एलिवेटेड रोड प्रस्तावित की गई है। इस 3.6 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण के बाद इस रूट में आये दिन के ट्रैफिक जाम और ट्रैफिक लाइट्स से आमजन को निजात मिल सकेगी।

इसी तरह 170 करोड़ रुपए की लागत से सांगानेर फ्लाई ओवर से चौरड़िया पेट्रोल पंप तक एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है। करीब 98 करोड़ रुपए की लागत से पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र में वंदेमातरम मार्ग पर पत्रकार कॉलोनी जंक्शन पर फ्लाई ओवर का निर्माण प्रस्तावित है। इसी तरह 95 करोड़ रुपए की लागत से जगतपुरा सीबीआई पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। करीब 90 करोड़ रुपए की लागत से अजमेर रोड पर महिंद्रा सेज के पास 250 फीट और 200 फीट सड़क पर फ्लाई ओवर का निर्माण प्रस्तावित है।

करीब 86 करोड़ रुपए की लागत से आगरा रोड पर खो नागोरियान से 7 नंबर बस स्टैंड महल रोड जाने के लिए रेलवे फाटक पर सालिगमरामपुरा फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। लगभग 72 करोड़ रुपए की लागत से गोपालपुरा बाइपास पर रिद्धि - सिद्धि तिराहे पर फ्लाई ओवर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह 65 करोड़ रुपए की लागत से इमली वाला फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है।

जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से 3 करोड़ रुपए की लागत से टोंक रोड और फागी रोड के बीच 30 किमी. लंबाई में सड़क निर्माण की फिजिबिलिटी स्टडी करवाई जाएगी। इसके साथ ही 25 करोड़ रुपए की लागत से मौजूदा वित्तीय वर्ष में 50 किलोमीटर की लंबाई में सेक्टर सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है।

करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से गड़ियावास जमवारामगढ़ में 30 हेक्टेयर भूमि पर ग्रीन बेल्ट विकसित करना प्रस्तावित है। जबकि 40 करोड़ रुपए की लागत से नेवटा बांध के आस-पास के क्षेत्र में 30 हेक्टेयर भूमि पर जैव विविधता पार्क विकसित करना प्रस्तावित है। करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से लोहामंडी योजना में साढ़े 4 हेक्टेयर भूमि पर ऑक्सीजन पार्क विकसित किया जाना भी प्रस्तावित है।